प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 22.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड के विजन 2050 की देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति अजीम प्रेमजी ने की सराहना, विश्वभर के निवेशकों से की झारखंड में निवेश करने की अपील।
2. राज्य में 205 करोड़ की लागत से 245 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट की होगी स्थापना, दूरस्थ इलाकों में रहने वाले लोगों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं।
3. नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी दो दिवसीय दौरे पर आज आयेंगे रांची, कल सीसीएल सभागार में छात्रों के साथ विकसित भारत पर करेंगे संवाद।
4. विकसित भारत– जी राम जी अधिनियम पर रांची और खूंटी में आज कई कार्यक्रमों का आयोजन, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा होंगे शामिल।
5. राजगीर में आयोजित तीन दिवसीय महामना हॉकी गोल्ड चैंपियनशिप में झारखंड की बालिका टीम ने जीता खिताब, फाइनल में उत्तर प्रदेश को 2–0 से हराया।

****

दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दौरान देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति अज़ीम प्रेमजी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विजन 2050 और विकास मॉडल की सराहना की। प्रेमजी ने झारखंड सरकार के सहयोगात्मक रुख को निवेश के लिए उत्साहजनक बताया। उन्होंने अन्य निवेशकों से भी राज्य में निवेश की अपील की।

****

भाजपा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दावोस यात्रा पर लगातार सवाल उठा रही है। पार्टी विधायक अमित मंडल ने इसे सरकारी धन की बर्बादी बताते हुए राज्य की जमीनी समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

वहीं, झामुमो प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने इसे राज्य में विदेशी निवेश लाने के लिए एक बड़ा कदम करार दिया है।

****

राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 203 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से 245 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट स्थापित की जाएंगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के अनुसार यह पहल ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य निगरानी और लैब सुविधाओं को मजबूत करेगी।

****

जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने मधुपुर क्षेत्र में 8 करोड़ की लागत से 10 लघु सिंचाई परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें 8 चेकडैम और 2 बांधों का जीर्णोद्धार शामिल है, जिससे 380 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

****

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी आज दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंच रहे हैं। वे कल सीसीएल सभागार में छात्रों के साथ विकसित भारत विषय पर संवाद करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण और नौसेना के गौरवशाली भविष्य के प्रति प्रेरित करना है।

****

विकसित भारत– जी राम जी अधिनियम पर आज राजधानी रांची और खूंटी में कार्यशाला, चौपाल और सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। रांची में इन कार्यक्रमों में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल होंगे जबकि खूंटी में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य इस नए अधिनियम के प्रावधानों और इसके सामाजिक–आर्थिक प्रभावों पर चर्चा कर जागरूकता फैलाना है।

****

इस बीच राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा है कि विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम से झारखंड पर साढ़े पांच हजार करोड़ रुपये का सालाना बोझ बढ़ेगा।

****

सरायकेला–खरसावां के एसपी मुकेश कुमार लुणायत की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी आयोजित हुई। बैठक में सरस्वती पूजा और गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा बढ़ाने, गश्त तेज करने और अफीम नष्ट करने की समीक्षा की गई। एसपी ने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

****

जमशेदपुर के गोपाल मैदान में झारखंड वासी एकता मंच द्वारा भव्य टुसु मेला आयोजित किया गया। इसमें झारखंड, ओडिशा और बंगाल की प्रतिमाएं और चौड़ल आकर्षण का केंद्र रहे। पारंपरिक लोकगीतों और बुढ़ी गाड़ी नाच ने सांस्कृतिक छटा बिखेरी। सांसद विद्युत वरण महतो और विधायक सविता महतो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजक ने टुसु महोत्सव की संस्कृति को सराहनीय बताया।

****

राज्य में ठंड तेजी से कम हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक हो गये हैं। राज्य के कई जिलों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। मौसम विभाग ने राज्य में अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में और वृद्धि की संभावना जतायी है, जिससे ठंड से और राहत मिलेगी।

****

राजगीर में आयोजित तीन दिवसीय महामना हॉकी गोल्ड चैंपियनशिप में झारखंड की बालिका टीम ने खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल मुकाबले में झारखंड ने उत्तर प्रदेश को 2—0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। हालांकि बालक वर्ग के फाइनल में झारखंड को उत्तर प्रदेश ने शूटआउट में 4—3 से पराजित कर दिया।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दावोस यात्रा से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है— झारखंड में बिना किताब के ही बोर्ड परीक्षा....यही है स्किल एजुकेशन।

हिन्दुस्तान के अनुसार— केन्द्र ने डीजीपी तदाशा मिश्रा की नियुक्ति पर उठाये सवाल।

प्रभात खबर ने लिखा है— जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के 342 सफल अभ्यर्थी बनाये गये प्रतिवादी।

दैनिक जागरण लिखता है— 80 लाख रुपये बकाया नहीं देने पर एचईसी के सीएमडी व निदेशक का आवास सील।

****